# मॉडल - (02)

## विषय - अर्थशास्त्र, कक्षा– 12वी

## विषय कोड–318

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक: 100**

---

**निर्देश (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।**

**(ii) प्रश्न क्रमांक 01 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। खण्ड (स) में सत्य/असत्य लिखिए (द) एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित हैं।**

**(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।**

**(iv) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।**

**(v) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न में 4 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।**

**(vi) प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 150 शब्द है।**

**(vii) प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 250 शब्द है।**

**प्रश्न कमांक 1 (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –** **(1x5=5)**

(i) श्रम शक्ति का प्रतिशत जो बेरोजगार कहलाता है।

(अ) रोजगार दर

(ब) बेरोजगार जनसंख्या अनुपात

(स) बेरोजगार दर

(द) श्रम शक्ति दर

(ii) जो समंक अनुसंधानकर्ता द्वारा स्वयं एकत्र किए जाते हैं।

(अ) प्राथमिक (ब) द्वितीयक

(स) उक्त दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

(iii) किसी श्रेणी में एक ही मूल्य का बार बार आवृत्ति होना कहलाता है–

(अ) विस्तार (ब) बहुलक (स) माध्य (द) चतुर्थक

(iv) 'क्या उत्पादन करें' की समस्या का समाधान होता है–

(अ) जनता की प्राथमिकताओं से

(ब) बाजार कीमतों से

(स) सरकार द्वारा साधन आबंटन से

(द) उपर्युक्त सभी से

(v) किसी विशेष समय पर उपभोग की गई किसी वस्तु की अंतिम ईकाई की उपयोगिता कहलाती है –

(अ) कुल उपयोगिता (ब) औसत उपयोगिता

(स) सीमांत उपयोगिता (द) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** **(1x5=5)**

(i) औसत स्थिर लागत उत्पादन की मात्रा बढ़ने के साथ ..........................

(ii) जिस कीमत पर बाजार मांग एवं बाजार आपूर्ति बराबर होती है। उसे .................. कहते हैं।

(iii) राष्ट्रीय आय में घरेलु क्षेत्र का अर्थ होता है .............................

(iv) .......................... = $\frac{\text{बचत}}{\text{आय}}$

(v) सरकार का बजट घाटे में होता है जब कुल बजटीय व्यय कुल बजटीय राजस्व ... .................. होता है।

## खण्ड (स)

**सत्य/असत्य बताइये –** **(1x5=5)**

(i) मौसमी बेरोजगारी होटलों में पायी जाती हैं।

(ii) निर्देशांक आर्थिक वायुमापक यंत्र होते हैं।

(iii) मांग के नियम में मूल्य के बढ़ने पर मांग में वृद्धि होती है।

(iv) पूर्ति का विस्तार एवं संकुचन वस्तुओं के मूल्य में परिवर्तन का कारण होता है।

(v) मध्यवर्ती वस्तुए वह होती है जिन्हें एक उत्पादन ईकाई दूसरी उत्पादन इकाई से पुनः बिक्री हेतु क्रय करती है।

## खण्ड (द)

**एक शब्द/वाक्य मे उत्तर दीजिए।** **(1x5=5)**

(i) HDI का पूरा नाम लिखिए।

(ii) भारत में आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए कौन सी नियोजन पद्धति को अपनाया गया है।

(iii) वस्तु की आपूर्ति किसके द्वारा होती है ?

(iv) मांग आधिक्य क्या है ?

(v) कुल आगम का सूत्र लिखिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 30 शब्द है।

प्रश्न 2 बेरोजगारी का क्या अर्थ है ?

प्रश्न 3. एक अच्छी प्रश्नावली के दो गुण लिखिए।

प्रश्न 4 उत्पादन संभावना वक्र की दो विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 5 अर्थशास्त्र की उपर्युक्त परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 6 कुल उपयोगिता का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 7 स्थानापन्न वस्तुएं किसे कहते हैं ?

प्रश्न 8 उत्पादन के स्थिर साधन से क्या आशय है ?

प्रश्न 9 पूर्ति से क्या आशय है ?

प्रश्न 10 कुल लागत क्या है ?

प्रश्न 11 मिश्रित बाजार किसे कहते हैं ?

प्रश्न 12 तृतीयक क्षेत्र किसे कहते हैं।

प्रश्न 13 वस्तुविनिमय प्रणाली क्या है ?

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 50 शब्द है।

प्रश्न 14 भारतीय नियोजन की असफलताओं को लिखिए। (कोई तीन)

प्रश्न 15 'कैसे उत्पादन करें' की समस्या को समझाइये ।

प्रश्न 16 वस्तु की मात्रा में कमी करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए। (कोई तीन)

प्रश्न 17 बाजार की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए (कोई तीन)

प्रश्न 18 उपभोग रू 500 तथा आय रू 700 दी गई है। औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 19 मुद्रा के कार्यों को लिखिए (कोई तीन)

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिए गए हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 75 शब्द है।

प्रश्न 20 ह्ममान सीमांत उपयोगिता नियम के अपवाद लिखिए (कोई चार)

अथवा

किसी वस्तु की व्यक्तिगत मांग को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 21 निम्नलिखित से साधन लागत पर सकल मूल्य वृद्धि की गणना कीजिए।

| (मद) | करोड़ रूपये में |
|---|---|
| 1. बाजार मूल्य दर सकल उत्पादन मूल्य | 10,500 |
| 2. मूल्यह्रास | 1000 |
| 3. अप्रत्यक्ष कर | 750 |
| 4. आर्थिक अनुदान | 200 |
| 5. मध्यवर्ती उपभोग | 4000 |
| 6. कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 2000 |

अथवा

मिश्रित आय क्या है? ऐसी अवधारणाओं की आवश्यकताओं पड़ जाती है।

प्रश्न 22 मांग में कमी (समग्र मांग में कमी) की परिभाषा दीजिए। उपर्युक्त रेखाचित का प्रयोग करके इसकी व्याख्या कीजिए।

अथवा

आधिक्य मांग को ठीक करने के लिए मौद्रिक नीति का प्रयोग कैसे किया जाता है?

प्रश्न 23 बजट घाटा पूरा करने के वित्तीय स्त्रोतों की व्याख्या कीजिए। (कोई चार)

अथवा

मुद्रा पूर्ति के विभिन्न मापकों की व्याख्या कीजिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 24 व 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। सभी में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 150 शब्द है।

प्रश्न 24 प्राथमिक एवं द्वितीयक समंक में अंतर स्पष्ट कीजिए। कोई (पांच)

अथवा

समझाइये –

1. साधारण दण्ड चित्र 2. विभाजित दण्ड चित्र

प्रश्न 25 केन्द्रीय प्रवृत्ति का क्या आशय है एंव अंकगणितीय माध्य की विशेषताएं लिखिए।

अथवा

निर्देशांक या सूचकांक की किन्हीं छः लाभों की व्याख्या कीजिए।

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं। उत्तर की अधिकतम शब्दसीमा 250 शब्द है।

प्रश्न 26 भारत में निर्धनता के कारणों को लिखिए (कोई छः)

अथवा

भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेषताएं लिखिए (कोई छः)

प्रश्न 27 निम्नलिखित आकड़ों की सहायता से सन् 2013 को आधार वर्ष मानकर वर्ष 2014 की कीमत सूचकांक सरल समूहीकरण विधि से ज्ञात कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2013 के मूल्य | 1 | 2 | 3 | 4 |
| वर्ष 2014 के मूल्य | 5 | 4 | 3 | 2 |

अथवा

निम्न आकड़ों से मजदूरी का बहुलक ज्ञात कीजिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दैनिक मजदूरी रू में | 20-25 | 25-30 | 30-35 | 35-40 | 40-50 | 50-60 |
| कामगारों की संख्या | 1 | 3 | 8 | 12 | 7 | 5 |